# PAWAR PUBLIC SCHOOL, BHANDUP.

| Class | Subject | Exam | Marks | Date | Duration | No. of printed sides |
|---|---|---|---|---|---|---|
| X | Hindi | Prelim- II | 80 | 03.01.19 | 3 hrs. | 05 |

Answers to this paper must be written on the paper provided separately.
You will not be allowed to write during first 15 minutes.
This time is to be spent in reading the question paper.
The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.

PAWAR PUBLIC SCHOOL * BHANDUP *

This paper comprises two sections: *Section A and Section B.*
Attempt all questions from Section A.
The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].

## SECTION-A ( 40 Marks

### Attempt all questions

**Question 1**

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics. [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में एक प्रस्ताव लिखिए।


(i) भारतीय तथा पाश्चात्य संस्कृति का वर्णन करते हुए,पाश्चात्य संस्कृति की कुछ अपनाने योग्य बातों पर प्रकाश डालिए ।

(ii) अच्छा स्वास्थ्य , जीवन के समस्त सुखों का आधार है ; पर आधुनिक जीवन-शैली में हम स्वास्थ्य का महत्व भूलते जा रहे हैं।अपना स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए हमें अपनी जीवन-शैली में किन-किन नियमों का पालन करना चाहिए ।

(iii) भारतीय बाज़ार का स्वरूप ,बदलते युग के साथ बदलता जा रहा है -अपने विचार लिखिए।

(iv) बिना विचारे जो करै सो पाछे पछताए -प्रस्तुत उक्ति को आधार बनाकर मौलिक कहानी की रचना कीजिए।

(v) नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और चित्र को आधार बनाकर वर्णन कीजिए जिसका सीधा व स्पष्ट संबंध चित्र से होना चाहिए।उचित शीर्षक भी लिखिए।





Scanned by CamScanner

## Question 2

Write a letter in Hindi in approximately 120 words on any one of the topic given below. [7]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।

(i) आपके चचेरे भाई को नौकरी में पदोन्नति मिली है।इस उपलक्ष्य पर उनको बधाई देते हुए पत्र लिखिए !

(ii) आपके गाँव में प्राथमिक शिक्षा प्राप्त करने हेतु विद्यार्थियों को लम्बी दूरी का सफर तय करना पड़ता है , जिस कारणवश अनगिनत बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं।शिक्षा मंत्री का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करते हुए उन्हें एक पत्र लिखिए।

## Question 3

Read the passage given below carefully and answer in Hindi the questions that follow using your own words as far as possible.

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर यथासंभव अपने शब्दों में लिखिए।

विश्वविख्यात वैज्ञानिक डॉक्टर अल्बर्ट आइन्सटाइन ने परमाणु–शक्ति के दुरुपयोगों के बारे में वक्तव्य देते हुए कहा था –

आज हमारे सामने वर्तमान युग में परमाणु–शक्ति के रूप में एक ऐसी उलझन भरी , दुसाध्य और भयानक समस्या उपस्थित है , जिससे बचा नहीं जा सकता ।प्रश्न यह है कि क्या हम सदा के लिए युद्ध बन्द करने की घोषणा कर सकते हैं ; या इसके विपरीत हम मनुष्य–जाति को समूल नष्ट करना चाहते हैं ? यदि हम सदैव के लिए युद्ध से विमुख हो जाते हैं तो हम एक ऐसे सुखी समाज का निर्माण कर सकते हैं जिसमें ज्ञान और विज्ञान की सतत् प्रगति हो सकती है। क्या हम इस स्वर्गिक आनंद के बदले विनाशक मृत्यु को इसलिए चाहते हैं क्योंकि हम अपने झगड़े समाप्त नहीं कर सकते ? शक्ति के मद में हमने मनुष्यता को दाँव पर लगा दिया है। हम अपने आप को सर्वशक्तिमान सिद्ध करने की होड़ में लगे हैं। हम आपसे मनुष्य होने के नाते , मनुष्यता के नाम पर जनता से प्रार्थना करते हैं कि आप द्वेष, लालच, महत्त्वाकांक्षा ,वैमनस्य सब दुर्भावों को भूलकर , केवल अपनी मानवता याद रखें यदि आप यह कर सकते हैं तो निश्चय ही नए और महान भविष्य का रास्ता खुला है ; किन्तु यदि आपको यह मंजूर नहीं है, तो आपके सामने सम्पूर्ण मानव–जाति की मृत्यु का संकट उपस्थित है ।

जो बातें उपर्युक्त वक्तव्य में उन्नीस सौ पचपन में दार्शनिकों एवम् वैज्ञानिकों द्वारा कही गईं थीं, वे आज और भी अधिक लागू होती हैं,क्योंकि आज परमाणु–विस्फोट का रूप और भी अधिक भयावह हो गया है।परमाणु शक्ति के गलत इस्तेमाल से सम्पूर्ण मानव जाति के विनष्ट,विकृत और विकलांग होने और हमारी सभ्यता के विलुप्त होने का पूरा–पूरा खतरा पैदा हो गया है।

इसके प्रभाव क्षेत्र में आने पर कैंसर जैसी घातक बीमारियाँ अपने पाँव पसार रही हैं ।परमाणु–शक्ति पर खोज व विकास तो वैज्ञानिक कर लेते हैं पर इसका प्रबंधन किसी भी देश के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण कार्य होता है।

Scanned by CamScanner

आज मनुष्य–जाति एक ऐसे चौराहे पर खड़ी है ,जहाँ से वह चाहे तो उस मार्ग को चुन सकती है जो विज्ञान , विवेक ,अमन व भ्रातृत्व के समन्वय से बनने वाली दुनिया की ओर ले जाता है या फिर ऐसे पथ का चयन कर सकती है जहाँ सम्पूर्ण मानव- सभ्यता अपनों से ही टकराकर चकनाचूर हो जाएगी ।हमें कौन सा रास्ता चुनना है यह सोचने में हम जितनी देर लगाएँगे , संकट उतना ही बढ़ता जा रहा है ।सही समय पर, सूझ–बूझ का प्रयोग करना ज़रूरी है। प्रत्येक राष्ट्र को, अपना निज मान भूलकर 'वैश्विक - शांति' बनाए, रखने का प्रयास करना ही होगा। 'वसुधैव–कुटुंबकम' – सम्पूर्ण दुनिया एक परिवार है--- -इस मूल–मंत्र को अपनाना ही होगा ।

(i) डॉ. अल्बर्ट आइन्सटाइन ने किस समस्या पर प्रश्न उठाया है ? इस समस्या से मानव जाति को क्या खतरा है ? [2]

(ii) युद्ध से विमुख होने के फायदे लिखिए। [2]

(iii) डॉक्टर अल्बर्ट आइन्सटाइन ने मनुष्यता के नाम पर लोगों से क्या प्रार्थना की है? क्यों? [2]

(iv) हम किस प्रकार वैश्विक शांति बनाए रख सकते हैं? गद्यांश के आधार पर उत्तर लिखिए। [2]

(v) उपर्युक्त गदयांश से क्या सीख मिलती है? उचित शीर्षक भी लिखिए। [2]

**Question 4**

**Answer the following according to the instructions given.**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए**

(a) निम्नलिखित शब्द के लिए दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। [1]

(i) साँप

(b) निम्नलिखित शब्दों के लिए विपरीतार्थक शब्द लिखिए। [1]

(i) उत्थान (ii) शुष्क

(c) विशेषण बनाइए। [1]

(i) संविधान (ii) रेत

(d) निम्नलिखित शब्दों को शुदध रूप में लिखिए। [1]

(i) परीणाम (ii) दूघर्टना

(e) निम्नलिखित मुहावरे का स्वरचित अर्थपूर्ण वाक्य में प्रयोग कीजिए । [1]

नमक–मिर्च लगाना–

(f) निर्देशानुसार परिवर्तन कर वाक्य पुनः लिखिए।

(i) जैसे ही बारिश शुरु होती है वैसे ही लोग आश्रय की तलाश में भागने लगते हैं ।

(सरल वाक्य में बदलिए।) [1]

(ii) दुष्ट हमेशा दूसरों की बुराई ही करते हैं। (जो ---------- ।वाक्य का आरंभ कीजिए। ) [1]

(iii) लगभग दस वर्ष पहले का वात है । (वाक्य शुद्ध कीजिए।) [1]

AMRIKA BOOK DEPOT Shop No. ... Utsav, Tilak ... (E), Mob. 9821263050.

Scanned by CamScanner

## SECTION-B (LITERATURE)

Questions from only two of the following textbooks are to be answered.
Attempt four questions from this section.
You must answer at least one question from each of the two books you have studied and any two other questions from the same books that you have chosen.

### साहित्य–सागर

**Question 5**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow.**
**निम्नलिखित अवतरण को पढकर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए।**

"मेरे कई भाई–बहन हैं, सो भाग आया।वहाँ काम नहीं , रोटी नहीं।बाप भूखा रहता था और माँ भूखी रहती थी , रोती थी, सो भाग आया। एक साथी और था।उसी गाँव का था ,मुझसे बड़ा। दोनों साथ यहाँ आए। वह अब नहीं है ।"

(i) 'वह अब नहीं है' --- कथन का आशय समझाइए । [2]
(ii) लेखक के मित्र के विषय में जानकारी दीजिए। [2]
(iii) वक्ता ने लेखक व उनके मित्र को अपने विषय में क्या–क्या जानकारी दी थी? लेखक वक्ता को लेकर कहाँ गए थे? क्यों ? [3]
(iv) आपके अनुसार प्रस्तुत कहानी में वह कौन सा पात्र है जो स्वार्थी व स्वकेन्द्रित है ? उदाहरण के साथ कारण समझाते हुए उत्तर लिखिए । [3]

**Question 6**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow.**
**निम्नलिखित अवतरण को पढकर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए।**

"हाँ एक दुखिया स्त्री तुमको अपनी सहायता के लिए बुला रही है। जाओ, उसकी सहायता करके लौट आओ ।तुम्हारा सामान यहीं रहेगा ।"

(i) 'दुखिया' शब्द का प्रयोग किस स्त्री के लिए किया गया है ? कौन, किसे, कहाँ जाने का आदेश दे रहा है ? [2]
(ii) मोहनबाबू के अनुसार 'दीपदान' का अर्थ समझाइए।इस विषय पर उनका किस व्यक्ति के साथ क्या मतभेद था ? [2]
(iii) वक्ता का चरित्र चित्रण कीजिए । [3]
(iv) प्रस्तुत कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए । [3]

**Question 7**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow.**
**निम्नलिखित अवतरण को पढकर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए।**

श्यामू गंभीर हो गया ।मतलब यह कि बात लाख रुपए की सुझाई गई है ,परंतु कठिनता यह थी कि मोटी रस्सी कैसे मँगाई जाए ।

(i) नींद खुलते ही श्यामू ने घर में क्या दृश्य देखा ? [2]
(ii) मोटी रस्सी का सुझाव किसने दिया था , क्यों? [2]
(iii) मोटी रस्सी मँगाए जाने के मार्ग में क्या कठिनाइयाँ थीं?क्या श्यामू मोटी रस्सी की व्यवस्था कर पाया था ? यदि 'हाँ' तो कैसे ? [3]
(iv) श्यामू के पिताजी का नाम लिखते हुए उनका चरित्र–चित्रण कीजिए । [3]

AMBIKA BOOK DEPOT



Scanned by CamScanner

**Question 8**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow.**
**निम्नलिखित अवतरण को पढकर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए।**

उसका एक ही उपाय है।वह यह कि यहीं पर बूँदी का एक नकली दुर्ग बनाया जाए।महाराणा उसका विध्वंस करके अपनी प्रतिज्ञा पूरी कर लें।महाराणा क्या आपको मेरा प्रस्ताव स्वीकार है ?

(i) उपर्युक्त कथन के वक्ता के विषय में जानकारी दीजिए। [2]
(ii) वक्ता ने हाड़ा-शक्ति के विषय में श्रोता को क्या जानकारी दी थी ? [2]
(iii) किस व्यक्ति के लिए बूँदी का नकली दुर्ग भी, मान का मंदिर था।अपने मान के मंदिर की रक्षा के लिए उस व्यक्ति ने क्या-क्या उपाय किए थे? क्या वह इस प्रयास में सफल हो सका था ? यदि 'नहीं' तो क्यों ? [3]
(iv) प्रांतीय ,जातिगत भावनाओं से ऊपर है,'राष्ट्रीयता की भावना' - अपने विचार लिखिए । [3]

**Question 9**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow.**
**निम्नलिखित अवतरण को पढकर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए।**

"अब भी आँखें नहीं खुलीं ? जो व्यवहार अपनी बेटी के लिए लिए तुम दूसरों से चाहते हो वही दूसरे की बेटी को भी दो ।जब तक बहू और बेटी को एक सा नहीं समझोगे न तुम्हें सुख मिलेगा न शांति ।"

(i) एकांकी के आधार पर उदाहरण देते हुए, भारतीय समाज में बहुओं के प्रति मनोवृत्ति स्पष्ट कीजिए। [2]
(ii) वक्ता ने किसकी ओर चाबियों का गुच्छा बढ़ाया था, क्यों? [2]
(iii) प्रमोद की अच्छाइयों के बारे में जानकारी देते हुए स्पष्ट कीजिए कि उसका अपमान किसने किया था , क्यों ? [3]
(iv) प्रस्तुत एकांकी में किस रुढ़िवादी प्रथा पर करारा प्रहार किया गया है? इस कुप्रथा को जड़ से हटाने के लिए क्या-क्या प्रयास किए जाने चाहिए ? [3]

**Question 10**

**Read the extract given below and answer in Hindi the questions that follow.**
**निम्नलिखित अवतरण को पढकर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर हिंदी में लिखिए।**

"यही कहानी -यही कहानी तो कुटुम्ब का ,समाज का राष्ट्र का निर्माण करती है ।यही तो जीवन को सुदृढ़, विशाल और महान बनाती है ।"

(i) परेश के विषय में जानकारी दीजिए। [2]
(ii) प्रस्तुत एकांकी में 'छोटी भाभी' कहकर किसे पुकारा गया है ? बेला का परिवार में मन लगाए रखने के लिए उन्होंने उससे क्या-क्या बातें कही थीं ? [2]
(iii) अबरे का थान लाने वाले व्यक्ति का नाम लिखिए।उन्होंने छोटी बहू बेला के विषय में वक्ता से क्या कहा था? वक्ता ने इस विषय में परिवार के सदस्यों को क्या चेतावनी दी थी? समझाते हुए उत्तर लिखिए [3]
(iv) बेला के मायके और ससुराल में क्या अन्तर था?ससुराल के नवीन परिवेश में उसकी मनोदशा के बारे में लिखिए । [3]



Scanned by CamScanner